उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम

498. चौधरी हरिमोहन सिंह :
श्री ईश दत्त यादव :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश को क्रमशः पूर्ववर्ती और संशोधित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक की क्या उपलब्धियां रही हैं; और

(ख) क्या इस राज्य में उक्त कार्यक्रम अपने निर्धारित समय से पीछे चल रहा है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय के (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) और (ख) ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम की मार्गदर्शिकायें मार्च 1993 में संशोधित की गई थीं। केंद्रीय प्रायोजित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार की आवंटित निधियां, रिलीज की गई निधियां सूचित खर्च तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्मित स्वच्छ शौचालयों की संख्या नीचे दी गई है :–

(लाख रुपये में)

वर्ष	आवंटन	रिलीज	खर्च	निर्मित स्वच्छ शौचालयों की संख्या
1991–92	530.40	शून्य*	98.00	2678
1992–93	261.09	267.89**	शून्य	शून्य
1993–94	391.43	491.430	549.58	43858***

* केन्द्र सरकार द्वारा योजना का अनुमोदन न मिलने की वजह से 1991–92 के दौरान कोई केंद्रीय सहायता रिलीज नहीं की गई थी।

**चूंकि योजना मार्च 1993 में अनुमोदित की गई थी इसलिए निधियां 30 और 31 मार्च, 1993 को रिलीज की गई थीं अतएव राज्य सरकार द्वारा 1992–93 में राशि का इस्तेमाल नहीं किया जा सका।

***केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम तथा राज्य क्षेत्र न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के तहत संयुक्त उपलब्धि जिसके अंतर्गत 1993–94 में 756.75 लाख रुपये खर्च किये गये।

Achievements of IAY in Punjab

499. SHRI IQBAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of houses constructed by Government in, the country particularly in the State of Punjab for the people of weaker Sections under Indira Awas Yojana during the year 1993-94;

(b) what is the target fixed by Government for construction of the houses for SC/ST and other weaker Section of the Society under the said scheme for me year 1994-95; and

(c) what step are being taken, by Government to achieve the targpt of the same ?